આગળ જુઓ...

192

6
- मुहम्मद साही दुला बुरहानपुरी
- जन्म: 1624 मरण: 1657
- कबर: बहादुरपुर, फेजपुर के पास

7
- अबू मुहम्मद शाही मीरां
- जन्म: -- मरण: 1691
- कबर: पीराणा

8
- मुहम्मद शाह
- जन्म: 1679 मरण: 1718
- कबर: अहमदनगर

9
- मुहम्मद फादिल
- जन्म: 1717 मरण: 1746
- कबर: चंपानेर

10
- सैय्यद शरीफ
- जन्म: 1731 मरण: 20th Feb 1775
- कबर: ----

આગળ જુઓ...

193

11
- बदरुद्दीन (बड़ा मियां)
- जन्म: 1775 मरण: 1827
- कबर: ---

12
- बाकर अली
- जन्म: --- मरण: 1835
- कबर: ---


--
- पीढ़ी का अंत
- बाकर अली का कोई वंशज नहीं था। वह उत्तराधिकारी नियुक्त किए बिना गुजर गए।

ऊपर बताए अनुसार, संशोधन कारों के, ठोस सबूतों के आधार पर पेश किए निष्कर्ष पर से जान ने मिलता है कि इमाम शाह की गद्दी का अंत हो गया है। उसका दूसरा अर्थ यह होता है के सतपंथी लोग जिसे विष्णु के अवतार की अखंड परंपरा को मानते है, वह टूट गई है। पीराणा सतपंथ के हरिवंश का अंत हो गया है।

नोंध: बहुत सारे सतपंथी लोग इस बात से अंजान है और एक सैय्यद शमशुद्दीन खाकी (अब उनके उत्तराधिकारी बेटे सलाउद्दीन खाकी), जो खुद को "सज्जाद नशीन" के तौर पर प्रस्तुत करते है। खुद को इमाम शाह की गद्दी का वारिस होने का दावा करता है। उन्हें लोग आँख बंद करके मानते है। **अगर यह दावा सच है, तो सतपंथ धर्म सिद्धांत के अनुसार यह सैय्यद जीवित इमाम और अली / विष्णु का दसवां अवतार हो सकता है। पर वह दावा सच हो, ऐसा लगता नहीं है।**

दुःखद है की कई सतपंथी लोगों की अज्ञानता के कारण ऐसा मानते है।

194



इमाम शाह की पीढ़ी को दिखाता शिला लेख। इससे पहले बताए पीढ़ी की सूची और इस सूची में मामूली अंतर है।

नए सिद्धांत को पेश किया

- हरिवंश का अंत होने के बावजूद, अशरफ शाह सैय्यद को लेकर, एक नया दिलचस्प सिद्धांत पैदा किया है। इसके अनुसार, हिंदुओं पर अत्याचार करने वाला, कुख्यात और क्रूर मुसलमान राजा, औरंगजेब ने प्रमाणित किया के अशरफ शाह बावा, इमाम शाह बावा की गद्दी के उत्तराधिकारी है।
- आश्चर्य के बात है की कुछ लोग इस बात को सच्चा मानते है और इमाम शाह की गद्दी के दावेदार, शमशुद्दीन खाकी (अब उनके उत्तराधिकारी पुत्र सलाउद्दीन खाकी) को मानते है। यह भी सुनने में आया है कि औरंगजेब ने शिया मुसलमानों को खुश कर अपनी स्थिति गुजरात में मजबूत करने के लिए दान और जूठा प्रमाण पत्र दिया था और इस बात के पीछे कोई आध्यात्मिक सच्चाई नहीं है।
- हाली में, तारीक २३-०२-२०१० से शमशुद्दीन बावा के पुत्र, सलाउद्दीन बावा खाकी १५वें “सज्जाद नशीन” (उत्तराधिकारी) होने का दावा कर रहे है।
- “हरिवंश के उत्तराधिकारी” सैय्यद ऐसा प्रचार रहा है की “गादिपति” सैय्यद के अलावा किसी अन्य सैय्यद को न माने। फिर छहे वह हरिवंश के सैय्यद के सगे भाई क्यों न हों।

196




पीरजादा सैयद शम्सुदीन बावा साहेब "खाकी"
पीराणा (गुजरात)

शमशुद्दीन बावा खाकी

इमाम शाह के गादि के १४वें गादिपति

ગુજરાત સમાચાર, ભુજ આવૃત્તિ - તા.૦૩ જુલાઈ ૨૦૧૧, પેજ: ૨



બેસણું

પીરશ્રી સૈયદ ઈમામશાહ બાવા (મુ.પીરાણા)ના ૧૪માં (ચૌદમાં) સજ્જાદાનશીન અને સતપંથ સનાતન વૈદિક ધર્મના પીરશ્રી પીરઝાદા સૈયદ શમ્સુદ્દિન બાવા સાહેબ "ખાકી" નું દેહાન્ત તા. ૧-૭-૧૧ના રોજ થયેલ છે. આપશ્રીનું બેસણું તા. ૪-૭-૧૧, સોમવારના રોજ સવારે ૯થી ૧૧ના સમયે "ખાકી" બાવાનું મકાન, મુ.પીરાણામાં નિર્ધારીત કરેલ છે.

લિ. સજ્જાદાનશીન પીરઝાદા સૈયદ સલાઉદ્દીન શમસુદ્દીન તથા પીરઝાદા સૈયદ મહંમદ અશરફ શમ્સુદ્દિન

- ऊपर – अच्छे समय में शमशुद्दीन बावा की तस्वीर।
- नीचे – शमशुद्दीन बावा खाकी के मृत्यु के बाद, उनकी शोक सभा का विज्ञापन, गुजरात समाचार दैनिक पत्र के, भुज आवृत्ति में, गुजराती भाषा में, तारीक ०३-०७-२०११ को दूसरे पन्ने में, और अहमदाबाद आवृत्ति में भी, प्रकाशित हुआ था।
- इस विज्ञापन में उन्हें "सतपंथ सनातन वैदिक धर्म के पीर" होने का साफ-साफ लिख है।
- पीराणा सतपंथीयों की मुख्य केंद्रीय संस्था, धी इमाम शाह बावा रोजा संस्थान कमैटी ट्रस्ट, रजिस्टर नं E-७३८ ने आज तक, इस विज्ञापन में छापे शमशुद्दीन बावा खाकी सतपंथ सनातन वैदिक धर्म के पीर होने के दावे का कोई खंडन, नहीं किया है।

197

4.4 क.क.पा. जाति में क्रांति

कच्छ कड़वा पाटीदार (क.क.पा.) जाति में क्रांति
और
उसकी पीराणा सतपंथ पर असर

198

क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

1. क.क.पा. जाति और पीराणा सतपंथ के बीच संबंध

- क.क.पा. जाति और पीराणा सतपंथ के बीच खास संबंध है।
- इससे पहले के स्लाइड में आपने देखा की पीराणा पंथीओं में बड़ा बहुमत क.क.पा. जाति के लोगों का है।
- इसलिए स्वाभाविक है के क.क.पा. जाति के लोगों की धार्मिक आस्था, विचार और क्रियाओं की पीराणा सतपंथ पर असर होती है।
- अगली स्लाइडों में देखेंगे के कैसे विपरीत और दयनीय अवस्था में, वर्ष १९२० से १९६० के बीच, क.क.पा. जाति में क्रांति हुई और उसकी पीराणा सतपंथ पर कैसी असर पड़ी।

199

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

2. इमाम शाह की सफलता पीछे के मुख्य कारण:

- इमाम शाह की सफलता के पीछे का मुख्य कारण था की इमाम शाह चमत्कार करने में बहुत कुशल है।
- उनकी चमत्कार करने की शक्ति के कारण, काशी की यात्रा के लिए निकले एक संघ को काशी विश्वनाथ के दर्शन, सैकड़ों किलोमीटर दूर, पीराणा में से की करवा दिया और उन्हें काशी जाने नहीं दिया। इस बात के कारण, लोगों में अपने प्रति आकर्षण जागा सके। लोग इमाम शाह की चमत्कारी शक्ति को नमन करने लगे और पीराणा में बैठे इमाम शाह पूजनीय बन गए।
- दूसरी कहानी ऐसी है की तीन बरस तक सतत दुष्काल गिरने के कारण परेशान किसान इमाम शाह के पास मदद मांगने गए और इमाम शाह ने बारिश बरसा के दिखाई। गरीब किसान को यह बात चमत्कारिक लगी और इमाम शाह को तारण हार और भगवान के जैसा मानने लगे।
- कई छोटी मोती चमत्कार की बातें प्रचलित करने में आई है। कुछ बातों का तो “गीनान” में भी समावेश करने में आया हिय, जो केवल अशिक्षित, अज्ञानी, गरीब और अंध-श्रद्धा में डूबे हुए लोगों के वर्ग की कल्पना को आकर्षित करने में सफल हुआ है।
- एक बार जब लोग उन्हें मानने लगे, तब इमाम शाह ने धीरे से सतपंथ को (शिया मुसलमान का एक पंथ) कलियुग का सच्चा हिंदू धर्म के तौर पर पेश कर दिया।
- **अभ्यास का अभाव, गरीबी और अज्ञानी लोगों के, इमाम शाह की चमत्कारी शक्ति के, लाभ दाई अनुभव के कारण, उन पर अंध-विश्वास रखा और इमाम शाह पर शंका करने के शक्ति लोगों में नहीं बची। जिस कपटी तरीके से इमाम शाह ने, तथाकथित हिंदू तत्व मिश्रित कब्रस्थानय सतपंथ धर्म लोगों के सामने प्रस्तुत किया, उसके कारण लोगों ने सहज भाव से उसे अपना लिया।**

200

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

3. सतपंथ का अंगीकार:

- शुक्रवार तारीक १९-१०-१५३४ को कड़वा पाटीदार ("क.पा.") जाति (इस जाति को "कणबी" या "कूणबी" के नाम से भी पहचानी जाति है) के कुछ लोगों ने इमाम शाह का धर्म, सतपंथ, का अंगीकार किया।
- यह लोग सतपंथ धर्म का स्वीकार कर "मुमना मुसलमान" बन गए थे।
- एक समय भुज के संग्रहालय (museum) में मुमना कणबी की मूर्ति भी रखने में आई थी।
- उस काल में क.पा. जाति के लोग महेसाणा जिला में उंझा के आस पास बस्ती थी।
- धीरे-धीरे जाति के अन्य हिंदू सदस्यों को उनके सतपंथी भाईयों के मुसलमानी धर्म के बारे में पता चला।

201

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

4. कच्छ में स्थानांतर:

- अन्य हिंदू समाज और कड़वा पाटीदारों को जब पता चला के सतपंथ धर्म एक मुसलमानी धर्म है, तब हिंदू और पाटीदार लोगों ने सतपंथ धर्म पालते लोगों का बहिष्कार किया। इसकी वजह से सतपंथीयों को उनका प्रदेश (उत्तर गुजरात) छोड़ कर कच्छ के लिए पलायन करना पड़ा।
- उत्तर गुजरात जैसा फलदायी प्रदेश को छोड़ कर कच्छ जैसे सूखा प्रदेश में जा कर बसना कोई आसान काम नहीं था। कच्छ जैसे रण और दुष्काल ग्रस्त प्रदेश में खेती करना किसी भी किसान के लिए कसौटी भरी बात है।
- कच्छ आने के बाद, वह पहले भचाऊ के पास "सीकरा" गाँव में आकार बसे।
- कच्छ में आकार बस ने के कारण उन्हें "कच्छ कड़वा पाटीदार" की नई पहचान मिली। आज लगभग ५०० वर्षों के बाद भी इस जाति के घरों में गुजराती भाषा बोली जाति है। आज भी बहुतायत लोगों को स्थानीय, कच्छी भाषा नहीं आती।
- यह हकीकत ही सबसे बड़ा सबूत है कि कच्छ कड़वा पाटीदार जाती गुजरात से कच्छ में आकार बसी है।

202

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

5. हिंदू रीत रिवाज और क्रियाओं का पालन:

- मुमना मुसलमान की पहचान लेकर, बहुत कष्ट को सहकार, कच्छ जैसे दुर्गम प्रदेश में आ कर बसे, पर वह हमेशा से ऐसा ही मानते थे के वह सच्चे हिंदू है।
- क्यों नहीं? उनके रीत रिवाज और क्रियाएं हिंदुओं के जैसे थी। शादी और मृत्यु की क्रियाएं भी हिंदुओं के जैसी थी (तारीक १९-०१-१७७६ तक)। दीवाली, नवरात्रि, गोकुल अष्टमी जैसे हिंदू त्योहारों को भी मनाते थे।
- इमाम शाह के वंशज सैयदों को पूज्य मानते थे, दसोंद और अन्य धार्मिक कर देते और कभी कभार पीराणा की यात्रा करते थे। उस समय तक इन कुछ दो तीन अपवादों के अलावा, उनमें मुसलमानों के कोई रीत रिवाज नहीं थे।
- जाति में अशिक्षा, गरीबी, अज्ञान और धार्मिक मुद्दे पर अभ्यास न होने के कारण, हिंदू धर्म और सतपंथ धर्म के भेदों से अंजान होने के कारण, सैयदों की मौखिक सूचनाओं को मानने के अलावा उनके पास कोई उपाय नहीं था। इस कारण धर्म के मामले में, हिंदू धर्म से विपरीत मान्यताओं का धीरे-धीरे स्वीकार करने लगे। और उस प्रकार से आचरण भी करने लगे।

203

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

6. क.क.पा. जाति ने विश्रामबापा नाकराणी को दिया हुआ वचन (1/2):

- यह सच्चाई वहीवंचा जाती के दस्तावेजों पर से लिया गया है।
- क.क.पा. जाति के बड़े नेता और श्री विश्रामबापा नाकराणी, कच्छ की सीमा के पास आए "सीकरा" गाँव में आए। उस समय क.क.पा. जाति का मथक सीकरा गाँव में था। कच्छ के अंदरूनी गाँवों में अभी तक जाति फैली नहीं थी।
- विश्रामबापा क.क.पा. जाति के प्रिय नेता थे। सम्पूर्ण क.क.पा. जाति उन्हें मानती थी।
- विक्रम संवत १६८५ में यानी वर्ष १६२८-२९ में वह बहुत बीमार हुए और उनका अंतिम समय आ पहुँचा।
- पर उनका जीव नहीं जा रहा था। तड़पता रहता था। इसलिए लोगों ने उन्हें पूछा के... बापा आपकी अंतिम इच्छा क्या है? आपकी सद्गति क्यों नहीं हो रही है?

204

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

6. क.क.पा. जाति ने विश्रामबापा नाकराणी को दिया हुआ वचन (2/2):

- बापा ने कहा की हमने बड़ी भूल करके इमाम शाह को मानते मान लिया। एक मुसलमान को अपना धर्म गुरु बना लिया। दुर्भाग्य वश हम पीछे नहीं मुड सकते है। पर अगर हमें हिंदू बन कर रहना है, तो मुझे दो वचन दो;

  1. *तुम कभी भी "कृष्ण गोपाल" को नहीं छोड़ना।* इसी कारण क.क.पा. जाति के लोग हमेशा कृष्ण भगवान के जन्माष्टमी उत्सव को मानती आ रही है। (सैय्यद लोग "जमात खाना / खाना" के अंदर जन्माष्टमी मनाने नहीं देते थे, इसलिए खाना के बाहर इस त्योहार को मनाने का रिवाज प्रचलित हो गया)
  2. मुसलमानों की जाती को क.क.पा. जाति उतरती कौम मानती है। इसलिए उतरती कौम का पकाया न खाना। *मांस न खाना।* (एक मुस्लिम धर्म पालने के बावजूद आज तक क.क.पा. जाति मांस नहीं खाती है।)

- ऊपर बताए अनुसार बापा को दिये दो वचनों को क.क.पा. जाति आज भी पालती आ रही है। और उसके कारण सैयदों के लाख कोशिशों के बावजूद, इस जाती का खान पान भ्रष्ट नहीं कर सके।

205

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

7. केशरा परमेशवरा का विद्रोह:

- शुक्रवार, तारीक १९-०१-१७७६ को यह ऐतिहासिक घटना घटी, जिसने भविष्य के क्रांति के बीज बोये।
- उस समय के पीराणा के काका, प्रगजी और सैय्यद वलीमियां ने नखत्राणा में जाति पंच की सभा बुलाई।
- उनकी हाज़िरी में जाति में से ब्राहमण और वहीवंचाओं को निकाल दिया गया और उनके पुनः प्रवेश पर प्रतिबंध कर दिया गया।
- भारत की वर्ण व्यवस्था में, धार्मिक ज्ञान और उस विषय की विद्वत धरने वाले, ब्राह्मण और, इतिहास के सच्चे जानकार और उसकी बारीकीयों का संग्रह करने वाले, भाट-चारण और वहीवंचा लोग, सैयदों की मैली मुराद को पूरी करने में अवरोधक थे। और उनकी मैली मुराद थी, जाति को उनके हिंदू मूल से उखाड़ फेंकना। क्यों की भारत की वर्ण व्यवस्था में व्यक्तिगत धर्मांतरण सफल नहीं हो सकता, सम्पूर्ण जाति का धर्म बदले तो ही सफल हो सकता है।

206

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

8. जाति में पहली फुट:

- जाति के आगेवान, जो नेत्रा गाँव के मुखी भी थे, वह श्री केशरा तेजा सांखला (केशरा परमेशवरा) को, सैयदों के इस प्रपंच की गंध मिल गई। उसी सभा में उन्होंने उस प्रस्ताव का विरोध किया।
- पर उस प्रस्ताव को रोकने जितना उन्हें साथ नहीं मिला। इसलिए उनके कुछ साथीदारों को लेकर सभा का बहिष्कार किया।
- अपने गाँव आ कर, अपने गाँव के लोगों को सैयदों और काका के रचे प्रपंच की हकीकत समझाई।
- स्वामी नारायण संप्रदाय के साधु की सनातन धर्म के बारे में दी हुई सलाह को अपना कर उन गाँवों के लोगों ने सामूहिक तौर पर सनातन हिंदू धर्म के स्वामी नारायण संप्रदाय का अंगीकार किया।
- भले केशरा परमेशवरा के साथ कम संख्या में लोग थे, पर इस घटना से, लोगों के मन में सतपंथ धर्म हिंदू होने के वाहियात दावे पर शंका हमेशा के लिए बैठ गई।
- दुर्भाग्य वश जाति के अन्य सभ्य पीराणा सतपंथ को पालते रहे। सैयदों को पूज्य मानते और उन्हें धर्म गुरु और आध्यात्मिक गुरु मानते रहे।

207

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

9. महान नेता नारायण रामजी लींबाणी का जन्म:

- जाति में सैयदों के आगमन को शुभ माना जाता था। अनुयायी सैय्यदों के आगमन को बड़ी संख्या में मिलकर मानते और उन्हें पैसे और अन्य कीमती वस्तुए भेंट करते। सैय्यदों के झूठे खाने को प्रसाद मानते और अनुयायियों में बाँटते।
- सैय्यद, अनुयायी के बच्चों को पढ़ाने के खिलाफ थे। सैय्यदों को धर्म गुरु मानते इसलिए लोग उनकी बातों पर अंधा विश्वास रखते और उनकी बातों के एक-एक अक्षर का पालन करते।
- अज्ञानता के साथ, किसी भी संजोग में, दसोंद और धार्मिक कर के पैसे देने की मजबूरी थी। दुखों में बढ़ोतरी करने के लिए कच्छ में बार वार दुष्काल आता रहता था। लोगों की हालत जानवरों से भी बदतर थी।
- इस दयनीय और खराब परिस्थिति में केशरा परमेशवरा के विद्रोह के १०८ बरस के बाद, तारीक २२-०५-१८८३ के दिन जाति के महान नेता, श्री नारायणजी रामजी लींबाणी का जन्म कच्छ के एक गाँव विराणी मोटी में हुआ।
- नारायण रामजी लींबाणी ने, अपने पिता की देख रेख में पाँचवी कक्षा तक का अभ्यास पूर्ण किया। उस समय पाँच कक्षा तक पढ़ने वाले जाति में केवल अन्य चार लोग ही थे।

208

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

10. निर्णायक घड़ी - (1 / 2):

- अपने पिता के जैसे, नारायण रामजी भी एक कुशल इमारत बनाने वाले ठेकेदार और कारीगर थे। धंधे में अपना किस्मत आजमाने वह वर्ष १९०२ में मुंबई आए और उसमें उन्हें बहुत सफलता भी मिली।
- तब वर्ष १९०८ में, उनके जीवन में ऐसे घटना घाटी की जिसके कारण उनका जीवन सदा के लिए बादल गया। इस घटना की कायमी असर जाति पर भी हुई।
- इक दिन, घर बनाने के नए ठेके के लिए सेठ श्री केशवजी दामजी को मिले। संजोग वश यह सेठ भी कच्छ के वतनी थे और भाटिया जाति के थे।
- श्री केशवजी रामजी ने मकान बनाने का ठेका तो नारायण रामजी को दिया, पर उन्होने एक बात काही, जिसके वजह से नारायण बापा का जीवन बादल गया।

209

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

10. निर्णायक घड़ी - (2 / 2):

- उन्होंने कच्छी भाषा में कटाक्ष करते कहा के, “वह दिखते हिंदू जैसे, पर धर्म में तो वह काफर है – ना वह हिंदू और ना मुसलमान। इन लोगों में मरे तब दफ़नाते है और शादी में दुआ पढ़ते है”।
- इस बात तो सुन कर नारायण बापा को जाने झटका लगा और चिंतन करने लगे की हिंदू होने के बावजूद मेरी जाती का ऐसा अपमान क्यों? क्या मेरी जाती हिंदू नहीं है?
- सच्चाई जानने की जिज्ञासा के कारण वह सत्या की खोज करने निकले।
- हिंदू धर्म के कई आगेवानों को मिले और सच्चा हिंदू धर्म क्या है, वह जाना। उन्होने यह भी जाना के पीराणा सतपंथ यह हिंदुओं को परिवर्तित कर मुसलमान बनाने के लिए तैयार की हुई एक “व्यवस्था” है, एक प्रपंच है। जिसमें अनुयायियों के अज्ञानता का लाभ लेकर, वह सच्चा हिंदू धर्म पालते है, ऐसा झूठ अनुयायी के मन में ठोक बैठा कर मुसलमान धर्म पालते कर देना था।

210

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

11. सतपंथ धर्म का ज्ञान हासिल किया:

- लंबे समय तक सतत मेहनत करने के बाद, नारायण बापा ने सतपंथ धर्म के ज्ञान पर महारत हासिल कर ली।
- उनके ज्ञान का स्तर इतना उच्च था की आगे जाते उन्होने एक पुस्तक प्रकाशित की, जिसका नाम "पीराणा सतपंथ की पोल और सत्य का प्रकाश" है। पीराणा सतपंथ के छिपे भेद को बाहरी दुनिया के सामने रखता यह पहली पुस्तक है।
- आज भी, इस विषय के अभ्यासी, प्रख्यात लेखकों और विद्वानों, इस पुस्तक का संदर्भ लेते होते है।

211

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

12. क्रांति की शुरुवात:

- सतपंथ धर्म का ज्ञान लेने के बाद, नारायण बापा अपने साथीदारों और मित्रों के साथ चर्चा करने लगे और उनके विचारों को लोगों का समर्थन मिलने लगा।
- तारीक ०४-०६-१९०८ को उनके ७ मित्रों के साथ, त्रंबकेश्वर की पवित्र भूमि पर, देह शुद्धि करवा कर, उपवीत धरण कर सनातन हिंदू धर्म का अंगीकार किया।
- शुरुवात में छोटी-छोटी सभाए भरने लगे और उनमें वह सतपंथ की सच्चाई लोगों के सामने रखने लगे। कई लोग उनकी बातों से प्रभावित हुए और उनके विचारों का समर्थन करने लगे।
- जब जाति के लोगों को पता चला के जो धर्म वह पाल रहें है, वह कोई हिंदू धर्म नहीं है, तब लोगों को आघात लगता।
- धीरे-धीरे लोगों का साथ मिलता गया और लोग सनातन हिंदू धर्म का अंगीकार करने की तैयारी दिखाते गए।
- **नारायण बापा ने "संपूर्ण विभाजन" की रणनीति अपनाई। सतपंथी लोगों के साये से भी कोई संबंध न रखने के हिमायती थे।**

212

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

13. लंबे समय के लिए सफलता बनाए नहीं रख सके:

- उन्होने अभियान वर्ष १९०८ में शुरू किया और १९२० के दशक के शुरुवात में शिखर तक पहुंचा।
- उस समय, नारायण बापा और उनके दाहिने हाथ समान, श्री रतनशी खीमजी खेताणी के साथ मिलकर उन्होने कई गाँवों में सभाएं की। वह तीन जंगी, जाति सम्मेलन सफलता पूर्वक पूर्ण करने में सफल रहे।
- उनकी सभाओं में पीराणा सतपंथ को सदा के लिए त्याग करने के निर्णयों को, सर्वानुमति, से पसार करने में आता था।
- कई परिवारों ने सनातन हिंदू धर्म का अंगीकार भी किया।
- पर शुरुवात की सफलता धीरे-धीरे ठंडी होने लगी।
- को लोग नारायण बापा के प्रभाव में आकार हिंदू धर्म का स्वीकार किया था, वह वापस सतपंथ का अंगीकार करने लगे। नारायण बापा और उनके अभियान के लिए यह बड़ा धक्का था।

213

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

14. सफलता ना मिलने के कारण – (1 / 2):

- विघ्न के दो मुख्य कारण थे;

1. जिन लोगों ने हिंदू धर्म का स्वीकार किया था, उनको अपने ही जाति के सतपंथी भाइयों द्वारा, जो बड़ी बहुमती में थे, जाति से बाहर निकाला जाता था।

- जाति बाहर किए लोगों को व्यावहारिक बाधाएं होने लगी। क्यों की उनके सगे संबंधी लोग पीराणा सतपंथी थे। सगे संबंधीयों द्वारा उन पर दबाव लाया जाता और उनके रोज़-बरोज के जीवन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता। इन लोगों को जाति के आगेवान सतपंथी नेताओं के हाथों खूब सताने में आता और सताने के यह कोशिशें को सतत चालू रखते थे। इन लोगों का जीवन बहुत मुसीबतों भरा कर दिया जाता था।

2. नारायण बापा आर्य धर्म के हिमायती थे। आर्य धर्म को सच्चे हिंदू धर्म का एक भाग माना जाता है। आर्य धर्म की क्रियाएं का पालन करना कठिन होता है। आज के युग के शिक्षित लोगों को भी आर्य धर्म की क्रियाओं को पालना कठिन लगता है।

214

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

14. सफलता ना मिलने के कारण – (2 / 2):

- सैकड़ों वर्षों से हिंदुत्व से विमुख रहने के कारण, जाति हिंदू धर्म के क्रियाओं, मूल्यों और सिद्धांतों को बहुत हद तक भूल चुकी थी।
- परिस्थिति ऐसी थी के जाने, इक बाल मंदिर के विद्यार्थी को १०वी कक्षा में दाखिल कर दिया हो। स्वाभाविक है की ऐसे संजोगों में विद्यार्थी उलझन में पद जाए और अभ्यास में उसका मन ना लगे। आखिर में अभ्यास छोड़ दे।
- इसलिए नए विद्यार्थी की तरह ताजे हिंदुओं को हिंदू धर्म के एक चुस्त पंथ पालने में सफलता नहीं मिली।

215

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

15. नारायण बापा के प्रयत्न निरर्थक नहीं गए:

- परिस्थिति दिन प्रति दिन बिगड़ती गई। नारायण बापा के घर पर रोज सुबह होते ही, निराश लोग आते। लोग अपनी पघडी उतार कर बापा के चरणों में रख कर कहते के अब हमसे यह धर्म (हिंदू) नहीं पाला जाएगा। बापा के साथीदारों की संख्या भी कम होने लगे।
- नारायण बापा और उनके साथीदारों को बहुत बड़ा आघात लगा, जिससे वह कभी भी बहार नहीं आ सके।
- जाति को फिर से हिंदू धर्म में लाने में बापा सफल न हुए।
- पर, बापा की मेहनत सम्पूर्ण रीत से निरर्थक नहीं हुई। जाति को अपना सच्चा धर्म समझ में आ गया। जाति में जो जागृति वास ले आए थे, उसके कारण इतनी तो चिंगारी उत्पन्न हुई की आगे जाते आने वाले समय में अन्य लोग इस चिंगारी की मदद से, समाज में धर्म क्रांति की मशाल को चालू रख सके।

216

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

16. ओधवराम महाराज का आगमन:

- इन हालातों के बीच, एक सच्चे संत, श्री ओधवराम महाराज का जाति के हितार्थ के लिए आगमन हुआ। नारायण बापा के दाहिने हाथ समान, वीराणी मोटी गाँव के दूसरे महान वीर, श्री रतनशी खीमजी खेताणी के साथ उनकी भेंट हुई।
- नारायण बापा और उनके साथीदारों की करी प्रणाली की समझ लेने के बाद, ओधवराम महाराज ने रतनशी बापा को "सदभावना" की राह/रणनीति दी।
- सतपंथीयों से दूर रहने के बजाय सतपंथीयों के साथ संपर्क बना कर उन्हें प्रेम से जीत ने की रणनीति बनाई थी। समय जाते यह रणनीति बहुत कारगर साबित हुई।
- इस रणनीति ने सुनिश्चित किया की लोग पीराणा सतपंथ की बेड़ियों से आजाद होकर हमेशा के लिए हिंदू धर्म का अंगीकार कर सके और धर्मांतरण की प्रक्रिया भी बहुत आसान कर दी।

217

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

17. "सदभावना" रणनीति की सफलता:

- स्व-अनुभव से बड़ा कोई भी अनुभव नहीं होता। जब रतनशी बापा ने, ओधवराम महाराज की बताई, रणनीति का अपने खुद के घर में प्रयोग कर अपने भाइयों के परिवार को सनातन धर्म अपनाने के लिए राज़ी कर लिया, तब उन्हें ओधवराम महाराज के लिए अटूट श्रद्धा और विश्वास जगा।
- उनकी रणनीति कारगर तो थी ही, पर साथ में नारायण बापा की सम्पूर्ण विभाजन की रणनीति की खामीयां नहीं थी।
- सतपंथीयों से दूर रहने के बजाय, उन्हें मान देकर, उनके साथ संपर्क बनाकर उन्हें सनातन धर्म अपनाने के लिए राज़ी किया।
- ओधवराम महाराज के साथ मिलकर, रतनशी बापा और उनके साथीदार, गाँव से गाँव घूमे और अगणित सभाए की और लोगों को सनातन (हिंदू) धर्म अपनाने के लिए राज़ी किया।
- पीराणा सतपंथ समाज से अलग होकर रतनशी बापा और उनके साथीदारों ने नई "कच्छ कड़वा पाटीदार सनातन समाज" रची, जो सनातनी लोगों की केंद्रीय समाज थी।

218

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

18. लक्ष्मीनारायण मंदिरों का निर्माण:

- पीराणा सतपंथ धर्म के कारण जाति अपने मूल आराध्य देव भूल चुकी थी। ओधवराम महाराज ने दूरंदेशी का इस्तेमाल कर जाति को लक्ष्मीनारायण भगवान को आराध्य देव के तौर पार सूचित किया। उसके कारण जाति को हिंदू के तौर पर अनूठी पहचान मिली और वह पहचान आज दिन तक कायम रही।
- भविष्य में लोग वापस सतपंथ धर्म तरफ न मुड जाए, इसे सुनिश्चित कर ने के लिए, धार्मिक और सामाजिक संरचना करने की जरूरत दिखी, जैसे की मंदिर और समाज भवन।
- रतनशी बापा ने ओधवरामजी महाराज और उनके शिष्य दयालदासजी महाराज के सानिध्य में, कच्छ के क.क.पा. जाति के लगभग ६५ गाँवों में जा कर लक्ष्मीनारायण मंदिरों की स्थापना की।
- रतनशी बापा के इन प्रयासों के कारण हिंदुओं का मनोबल मजबूत हुआ और लोगों का साथ मिलता गया।
- इस दौरान, जाती के कुलदेवी ऊमीया माताजी का मंदिर कच्छ में होना चाहिए इस बात का महत्व समझ कर ओधवराम महाराज ने, कच्छ में, देसलपर, वांढाय में, कड़वा पाटीदारों की कुलदेवी ऊमीय माता का मंदिर बांधने में बहुत व्यक्तिगत रस लिया।
- हाल ही में तारीख १४-०५-२०११ के शुभ दिन पर, शंकराचार्यों और अन्य उच्च हिंदू धार्मिक संतों की उपस्थिति में और उनके आशीर्वाद से, कच्छ देसलपर (वांढाय) में, क.क.पा. समाज के सभी कच्छ के गावों और अन्य प्रांतों में आए लक्ष्मीनारायण मंदिरों को एक सूत्र में बांधने के हेतु से, एक शानदार, सर्वोच्च केन्द्रीय संस्था, “संस्कार धाम” की स्थापना करने में आई है।

219

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

19. ओधवराम महाराज का प्रभाव और रतनशी बापा के भावुक बुलावे:

- रतनशी बापा भावुक भाषणों के लिए सुप्रसिद्ध थे। वह अपने भाषणों से लोगों के दिल जीत लेते और लगाव के वजह से लोग रोने लगते। उनको साथ मिलता ओधवराम महाराज के प्रभाव का। ओधवराम महाराज अपने भाषणों द्वारा श्रोताओं पर ऐसा जबरदस्त प्रभाव छोड़ते के लोग धर्म परिवर्तन कर हिंदू बनने के लिए तुरंत तैयार हो जाते।
- लोगों का हृदय से परिवर्तन हुआ था। किसी ने उन पर जबर्दस्ती नहीं की थी।
- पूर्वजों के सच्चे और महान हिंदू धर्म को जानने की खुशी के साथ उनके दो महान और लोकप्रिय नेताओं पर अटूट विश्वास के कारण लोग हृदय से धर्म परिवर्तन करने लगे।

20. सरल धार्मिक क्रियाओं को अपनाया:

- ऊपर बताए मुद्दों के साथ सरल और पालने लायक धार्मिक क्रिया अपनाने के कारण लोग आसानी का अनुभव करने लगे। लोगों को ओधवराम महाराज ने पेश किए हिंदू धर्म को पालने और समझने में बहुत सरल और व्यावहारिक लगा।
- मूल सनातन धर्म (हिंदू धर्म) में, जाति को विकलांग कर देने वाली सतपंथी दसोंद और अन्य धार्मिक कर भरने की कोई जरूरत नहीं थी।
- धार्मिक कर भरने की फर्ज में से आज़ादी मिल गई। लोग खुश खुशाल हो गए। उनकी खुशी की कोई सीमा ना रही और भूले हुए सच्चे हिंदू धर्म को फिर से अपनाने लगे।

220

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर ...

21. जाति का धर्म परिवर्तन:

- हिंदू धर्म में दसोंद और धार्मिक कर भरने का कर्तव्य ना होने के कारण जाति में तेजी से प्रगति हुई। लोगों की आर्थिक प्रगति के साथ उनकी कमाई में बरकत होने लगी।
- १९२०के दशक के मध्य में, सनातनीयों की केंद्रीय समाज की रो रचना हुई थी, वह समाज बहुत अच्छी तौर पर काम करता था। यह संस्था सनातनीयों के हित के लिए बनाने में आई थी और धीरे-धीरे पीराणा सतपंथ समाज से भी बड़ी समाज बन गई।
- उसी समय दरम्यान, रतनशी बापा और उनके साथीदारों ने एक सुनियोजित योजना के तहत, गाँवों के आगेवानों को मिलकर उनके दिल जीत ने का काम को अंदर-अंदर चालू रखा।
- थोड़ेही समय में, ओधवराम महाराज की बताई रणनीति चमत्कार दिखाने लगी।
- एक समय ऐसा भी आया की जब लगभग सम्पूर्ण जाति हिंदुओं की मुख्य धारा में जुड़ गई थी।

221

... क.क.पा. जाति में क्रांति की असर

22. औपचारिक और कानूनी संस्था/समाज की रचना:

- ओधवराम महाराज की प्रेरणा हुई और फिर से ऐसा समय आया, जब समाज में शिक्षा की अत्यंत महत्ता लक्ष्य में आई। विद्यार्थियों के लिए समाज ने नखत्राणा में एक बड़ी और आलीशान “पाटीदार बोर्डिंग” बाँध ने में आई।
- नई केंद्रीय समाज, जो लगभग ४ दशक जितनी पुरानी थी, जिसके प्रमुख श्री रतनशी खिमजी खेताणी, मोटी विरणी और घटकोपर मुंबई वाले थे और महा मंत्री श्री नथुभाई नानजी नखत्राणा थे, वह समाज बहुत अच्छे और असर कारक सामाजिक काम करती थी। भविष्य को ध्यान में रख कर, वर्ष १९६० में, इस समाज को औपचारिक और कानूनी रूप देने में आया। आज इस समाज को “कच्छ कड़वा पाटीदार समाज” (संक्षिप्त में “क.क.पा. समाज”) नाम से पहचानी जाती है। जिसका नाम बादल कर “अखिल भारतीय कच्छ कड़वा पाटीदार समाज” (संक्षिप्त में “अ.भा.क.क.पा. समाज”) रखने में आया।
- ओधवराम महाराज और रतनशी बापा के संपर्क में रहने के कारण उनके साथीदार भी बहुत लोकप्रिय बन गए थे। उन्होने इस कानूनी संस्था की बुनियाद रखी और पहले ट्रस्टी और कार्यकारी सदस्य बने। दुर्भाग्य वश उस समय पर रतनशी बापा की तबीयत अच्छी नहीं रहती थी, जिस के कारण समाज की मीटिंग और समारोहों में शामिल रहने के लिए असमर्थ थे।
- यह “पाटीदार बोर्डिंग” का मकान में केंद्रीय समाज का कार्यालय रखने में आया, जो आज भी है।

222

क्रांति के बावजूद सतपंथ कैसे चला?

- किसी भी साधारण व्यक्ति के मन में एक सवाल उठता होगा की अगर सतपंथ, हिंदू धर्म नहीं है और सतपंथ के अनुयायियों को हिंदू धर्म पालना था, तो फिर सतपंथ के साथ वह कैसी टीके रहे?
- ध्यान पूर्वक चिंतन करेंगे तो इसका जवाब मिलेगा।
- सतपंथ के अनुयायियों को दु मुख्य भाग में विभाजित कर सकते है;
  1. **जानकार लोग:** इन लोगों को पता है की सतपंथ हिंदू धर्म नहीं है। पर अपनाए हुए धर्म में ही श्रद्धा रख कर, उन्हें वह धर्म पालना है।
  2. **अनजान लोग:** यह लोग सतपंथ की सच्चाई से अनजान है। ताकिया के मदद से, सतपंथ के नेताओं ने, इन लोगों पर यह ठोक पीट कर बैठा दिया है की अन्य लोगों की बात न माने और खास कर उनके सनातनी भाइयों को नहीं। दया आती है की आज जे आधुनिक युग में भी यह लोग बेवकूफ बन रहें है और अर्धदग्ध इस्लामी परंपरा को हिंदू धर्म समझ कर पालते रहते है।

223

4.5 पीराणा सतपंथ में अशांति

बुरे दौर के बीच पीराणा सतपंथ में फैली अशांति

224

पीराणा सतपंथ में अशांति ...

1. बिगड़ती परिस्थिति:

- शुरुवात में नारायण बापा का लोगों पर हिंदू धर्म के नाम पर गहरा प्रभाव और पीछे से ओधवराम महाराज, रतनशी बापा और उनके साथीयों द्वारा कारगर और घातक प्रहारों के कारां पीराणा सतपंथ का झूठ के बुनियाद पर बना हुआ पत्ते का किल्ला गिरने लगा।
- लोगों को बहुत अच्छी तरह से समझा आ गया था की जो हिंदू धर्म वह पालना चाहते थे, उसके आजू बाजू पीराणा सतपंथ कहीं फिरकने के काबिल ही नहीं है।
- लोगों को गैर हिंदू धर्म पालने में कोई दिलचस्पी नहीं थी।
- पीराणा सतपंथ के छिपे भेदों, लोगों के सामने आ गए थे। पीराणा सतपंथ के अनुयायियों की संख्या बहुत जल्दी कम होने लगी। वह हिंदू धर्म अपनाने के लिए मानसिक तौर पर तैयार हो गए थे। रतनशी बापा और उनके साथीयों के प्रयासों में रंग दिखने लगा।

225

... पीराणा सतपंथ में अशांति ...

2. आंतरिक लड़ाई -1931 का कोर्ट केस –(1 / 2):

- उस समय में पीराणा सतपंथ की संस्था विवादों और आंतरिक झगड़ों से घिरी थी।
- १९३१का प्रख्यात कोर्ट केस (Civil Suit No 168 of 1931 before First Class Sub Judge, Ahmedabad) का पीराणा सतपंथ पर आगामी और कायमी असर पड़ा और संस्था का प्रशासन करने का तरीका हमेशा के लिए बादल गया। यह केस सैय्यदों और सतपंथ के अनुयायियों ("काका" के साथ लेकर) के बीच बहुत लंबा चला।
- पीराणा की संपत्ति और दसोंद के पैसे पर अधिकार का विवाद था।
- १९३९ में जब केस न निर्णय आया, तब कोर्ट ने एक ट्रस्ट बनाने का फैसला दिया। इस ट्रस्ट का नाम है, "धी इमाम शाह बावा रोजा संस्थान समिति ट्रस्ट" जिसका रजिस्टरेशन नं "ई-७३८" (E-738) है। यह संस्था आज भी पीराणा सतपंथ की सर्वोच्च संस्था है।
- अकेले काका के साथ नीचे चलती संस्था में, पहली बार सैय्यदों को, कानूनी तौर पर, ट्रस्ट के ट्रस्टी की तौर पर भाग लेने मिला।

226

... पीराणा सतपंथ में अशांति ...

2. आंतरिक लड़ाई -1931 का कोर्ट केस –(2 / 2):

- ट्रस्ट में ७ ट्रस्टी क.क.पा. जाती के होते है और ३ ट्रस्टी सैयद होते है। पीराणा के काका, पदवी के कारण ट्रस्ट के चेरमेन होते है।
- सैय्यदों के हाथ होती क्रियाओं के लिए उन्हें देने के पैसे तय करने में आया। उसी तरह धार्मिक समारोहों में सैय्यदों को देने जाने वाले उपहार भी तय करने में आए।
- तथाकथित हरिवंश के गाड़ी पति के अलावा, पीराणा के सैय्यदों और काका के बीच छोटे मोटे झगड़े चलते ही रहे।
- काका और सैय्यदों के बीच बैर झगड़ों के कारण अनुयायियों की संख्या कम होती गई। उनकी पोल लोगों के सामने खुली हो गई। कुछ कट्टरवादी अनुयायी ही बचे थे।

227

... पीराणा सतपंथ में अशांति ...

3. सजीवन करने के निष्फल प्रयास -(1 / 2):

- पीराणा सतपंथ में अंदर-अंदर झगड़े चलते थे, तब एक जलालशाही सैय्यद, बावा अहमद अली खाकी ने पीराणा के साहित्यों को फिर से लिखने का काम शुरू किया।
- अहमद अली खाकी ने, इमाम शाह के वंशज अशरफ शाह बावा के वंशज होने का दावा किया। वह इमाम शाह की गद्दी के सीधे उत्तराधिकारी ना होने के बावजूद, खुद को पीराणा सतपंथ के जीवित इमाम (भगवान विष्णु के १०वे अवतार) होने का दावा किया।
- सतपंथ में भगवान विष्णु के १०वे अवतार के वारिस को "हरिवंशी" माना जाता है। इसलिए कुछ सतपंथीयोंने उन्हें "हरिवंशी सैय्यद" के तौर पार मान ने लगे।
- पीराणा सतपंथ की बिगड़ती हालत से वह वाकिफ़ थे और उसके उपाय में उन्होने ताकि़या का प्रयोग करना शुरू किया। उन्होने साहित्यों में से "अरबी" शब्दों को निकाल कर उनकी जगह पर "हिंदू" शब्दों को रखना शुरू किया।
- वेदों, पुरानों, कुरान, बाइबल का गहरा अभ्यास किया और संस्कृत भाषा पर प्रभुत्व भी हासिल किया।
- उन्होने कई पुस्तकें छापे, जिसमे सतपंथीयों का "दस अवतार" नाम का पुस्तक मुख्य है।

228

... पीराणा सतपंथ में अशांति ...

3. सजीवन करने के निष्फल प्रयास -(2 / 2):

- चतुराई का प्रयोग कर सतपंथी दस अवतार में अरबी शब्दों के अर्थ को हिंदू / भारतीय भाषा में समझाया।
- पुस्तकों की बातों को गुजराती भाषा में लोगों (खास कर क.क.पा. जाति) समक्ष इस तरह प्रस्तुत करने को शुरू किया, जाने वह पुस्तकें सच्चे हिंदू धर्म के ही पुस्तक हो। इस में उन्हें कुछ सफलता भी मिली।
- उनकी दलील थी के भाषा केवल बात पहुंचाने का माध्यम है। भले साहित्यों को मूल अरबी भाषा का प्रयोग कर तैयार करने में आया हो, पर वह हमेशा से हिंदू धर्म के साहित्य रहे है। साहित्यों के शब्दों बदलते समय, चतुराई पूर्वक मूल इस्लामी मूल्यों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं की थी।
- उनके दस अवतार में संस्कृत के श्लोकों का झूठा अर्थ घटन पेश किया और इसके द्वारा इस्लामी मूल्यों को शामिल कर देने में आया।
- इस्लामी मूल्यों को संभालने का एक ज्वलंत सबूत है; उदाहरण के तौर पर, उनके पुस्तक में उन्होने गाय की हत्या को सही/न्यायी ठहराने की हिम्मत दिखा दी। देखो "गौ मेध यज्ञ", दस अवतार का पन्ना नं ३४८।
- उनके तरफ से किए कई कोशिशों के बावजूद, वह सतपंथ को हिंदू धर्म के तौर पर पेश करने में निष्फल रहे। वह केवल कुछ अनुयायियों को ही संभाल / मना सके। 229

... पीराणा सतपंथ में अशांति

4) १९७३ कोर्ट केस:

- वर्ष १९७३ में एक दूसरा कोर्ट केस दाखिल करने में आया। १९३९ के कोर्ट केस दिये निर्णय ऊपर फेर बदल करवाने के लिए अर्जी करने में आई थी। बादमें वर्ष १९७६ में वह केस, गुजरात हाई कोर्ट के सामने पेश हुआ था (Case no: First Appeal No. 172 of 1976)।
- **उन्होने कोर्ट के सामने अपनी पेशी में कहा की इमाम शाह जन्म से मुसलमान थे और मृत्यु तक मुसलमान रहे। वह रोज नमाज अदा करते थे और कभी भी हिंदू संत नहीं थे।**
- **उनके सामने सतपंथीयों के अपने पेशी में काका की इमाम शाह निष्कलंकी नारायण को मानते थे, जो भगवान विष्णु का १०वां अवतार है। इमाम शाह के पुत्र नूर मुहम्मद शाह को आदि विष्णु के तौर पर और उनकी माता को आदि शक्ति के तौर पान मानने में आता है।**
- कोर्ट ने किए निष्कर्ष के अनुसार कोर्ट ने स्पष्ट कहा की सैय्यद (यानी सतपंथीओं के धर्म गुरु) हमेशा धर्म से मुसलमान थे और यह भी कहा की ट्रस्ट में से दिए जाने वाले हक्क और अन्य पैसों देने के लिए वह सतपंथी होना जरूरी नहीं है।
- अनुयायी लोग उलझन में पद गए और किस की बात पर भरोसा करे इस बात का पता नहीं चलता था।
- अनुयायियों की संख्या भयानक, निचले स्तर पर आ पहुंची और हाथों हाथ संस्था की आर्थिक परिस्थिति भी बहुत ही बुरी हो गई थी। 230

4.6 नवनिर्मित ताकिया

करसन काका को गद्दी पर बैठा कर पीराणा को सजीवन करने का प्रयास

231

नवनिर्मित ताकिया...

1. पृष्टभूमि (Background):

- १९३० और १९९० के बीच कुछ ही दशकों में, कच्छ के इमाम शाही पाटीदारों की बहुमती वाले सतपंथी गाँवों में शानदार परिवर्तन हुए।
- हर एक गाँव में परंपरागत सतपंथी (पुराने) "खाना" (इस्माइली "जमात खाना" का संक्षिप्त नाम) के पास, नए "नियमित" हिंदू लक्ष्मीनारायण भगवान के मंदिर बाधे।
- जिस संख्या में लोग सतपंथ छोड़ ने लगे, वह पीराणा के सूत्रधारों के लिए बड़ी चिंता का विषय बन गया।
- इस समय पर, सज्जाद नशीन का दावा करने वाला शमशुद्दीन खाकी, जो खुद को पीर और छिपे इमाम का मुख्य उत्तराधिकार होने का दावा करता था, उसने फिर से ताकिया का प्रयोग करना शुरू कर दिया।
- पहले के स्लाइड्स १९२ से १९४ में बताए अनुसार, जिन सतपंथीयों को, इमाम शाह की गद्दी की उत्तराधिकारी की परंपरा (तथाकथित हरिवंश परंपरा) का अंत हो जाने की बात का पता नहीं, वह लोग अंध विश्वास रख कर उन्हें मानते है।
- अपने पाटीदार मित्रों की मदद लेकर, अपने पुराने मित्र, पटेल करसन अरजण छाभैया को "काका" की गद्दी पर बैठा दिया।

232

... नवनिर्मित ताकिया ...

2. नवनिर्मित ताकिया - (1 / 3):

- सतपंथ के अस्तित्व को खतरे में देखकर, गुप्ती समुदाय के देता यानी मुख्य काका अर्थात कबर के मुजावर या संरक्षक ने, पीरज़ादा शामशुद्दीन बावा खाकी (सज्जाद नशीन का दावा करने वाला) के मार्ग दर्शन में, सतपंथ में **बाह्य** हिंदूवादी सुधार करना शुरू किया।
- इसका हेतु केवल इतना ही था के सतपंथ अनुयायियों को अपने सनातनी भाइयों की निंदा ना सहनी पड़े और सतपंथ को मुस्लिम धर्म समझ कर छोड़ चुके अनुयायी फिर से सतपंथ में वापस आ जाए।
- इसके वजह से "गुप्ती" (जो लोग अपनी धार्मिक पहचान छिपाते है) लोग अपनी पहचान एक रूढ़िवादी हिंदू होने का मजबूत दावा कर सके और इस्लाम का कोई प्रभाव न होने का दावा भी कर सके।
- उनके नए निर्मित "खाना"ओं का आकार भी एक परंपरागत हिंदू मंदिरों के जैसे देने में आया। उन खानाओं के नाम तथाकथित विष्णु के १०वे अवतार आधारित "निष्कलंकी मंदिर" जैसे हिंदू नाम रखने में आए।
- उसी तरह पीराणा की दरगाह का नाम बदल कर *"समाधि"* रखने में आया। और पीराणा को *"प्रेरणा पीठ"* का नाम देने में आया। काका को *"महाराज"* के तौर पर संबोधन करना शुरू किया।

233

... नवनिर्मित ताकिया ...

2. नवनिर्मित ताकिया - (2 / 3):

- जानकार और विद्वान सतपंथीयों को "गीनान" को फिर से लिखने का नाजुक काम देने में आया, जिस के भक्तिमय गीतों में से इस्लामी शब्दों और संदर्भ को बदल कर उनकी जगहों पर हिंदू शब्दों को रखने में आया।
- हाल के पीर का दावा करने वाले शमशुद्दीन खाकी (अभी उनके उत्तराधिकारी पुत्र सलाउद्दीन खाकी) के स्वर्गस्थ पिता अहमद आली खाकी ने सतपंथ पर लिख प्रकाशित पुस्तकों और लेखों पर प्रतिबंध लगा दिया। और ऊपर बताए अनुसार लिखें हुए, (पुराने पुस्तकों का मूल इस्लामी संदेश ना बदल कर), बाह्य हिंदू रूप वाले, नए पुस्तकों का खुले तौर पर पीराणा के पुस्तकालय में प्रदर्शित कर उसकी बिक्री करना शुरू कर दिया।
- एक लोकप्रिय और प्रतिष्ठित लेखक और शोधकर्ता, जिन्हें इमामशाहीयों के लेखों पर अधिकार होने का माना जाता है, वह संयोग से, कच्छ के एक गाँव में, सतपंथ के पुराने धार्मिक साहित्यों को, बाह्य हिंदू रूप देने का काम करने वाले एक व्यक्ति से भी मिले थे।

234

कुछ बदलावों के नमूने

पुरानी परिभाषा	नई परिभाषा
हुसैन के परिवार में	हरिवंश में
अली शाह / नर मुहम्मद शाह	निष्कलंकी नारायण
शाह / इमाम	साहब / हरी / विष्णु
मस्जिद / खाना / जगयूं	मंदिर
सदरुद्दीन	सहदेव
कुदरती धर्म	महा धर्म
खुदा	निष्कलंकी
कबर	समाधि
वफ़ात पामे	समाधि ली
साहेबजी	परमात्मा

235

फेरबदल को किस तरह से समझाया?

- भाषा को केवल विचारों की ले-दे कर ने का एक माध्यम है, इस सिद्धांत का इस्तेमाल करने में आया।
- एक बड़े वर्ग के अनुयायी अरबी भाषा को मुसलमानों के साथ जोड़ का देख ते है और उसके कारण उन्हें असुविधा होती है। अन्य कौम के लोगों के सामने अरबी भाषा के शब्द वाले धर्म के बारे में बातें करने से शर्माते है। इसलिए अरबी शब्दों को बादल कर हिंदू / भारतीय शब्दों को रख देने में आया। अगर यह बदलाव नहीं लाते तो बड़ी संख्या में अनुयायी सतपंथ को छोड़ देते, जो सतपंथ सहन कर ने की हालत में नहीं था।
- दूसरी तरफ, इस्लाम के लिए लगाव रखने वाले पक्ष के सतपंथी अनुयायियों को इस तरह से समझाया की... किस की पूजा करते हो वह महत्व का है, ना की कौन सी भाषा में करते हो। "निष्कलंकी नारायण" कहो या "अली" कहो, कोई फरक पड़ता नहीं है। दोनों "अल्लाह" के नाम है। वह हिंदू देवों के नाम नहीं है। इस तरह से समझा कर इस्लाम के मूल तत्वों को पिछले दरवाजे से अंदर लाने के लिए सुनिश्चित किया है।
- इस तरह से समझाए जाने के बाद अगर कोई सतपंथी ना माने और असली/पुरानी पुस्तकों और बात को पकड़ कर रहे तो ऐसा जवाब देने में आता है के अगर आपको ऐसा लगता हो की मूल सबदों को बदलना नहीं था, तो मूल पुस्तकों को पढ़ने से तुम्हें कौन रोक रहा है? मूल पुस्तकों को पढ़ो ना... ऐसा करके चित भी मेरी पट भी मेरी।

236

… नवनिर्मित ताकिया …

2. नवनिर्मित ताकिया - (3 / 3):

- गुजरात में हिंदू राष्ट्रियता की भावना मजबूत होने के कारण पीराणा परंपरा को बचाने के हेतु से यह फेरबदल करने में आए।
- “अधिकृत” तौर पर किए फेरबदल ताकिया के कारण करने में आए है।
- ताजा बदलावों के कारण ऐसा देखने मिला है के सतपंथी समाज की नई पीढ़ी यह फेरबदल को तुरंत स्वीकार लेते है। जिस के कारण वह सनातनी भाइयों के साथ एकता और सहकार बनाए रख सके। हाथों हाथ, “हिंदू वादी” परिस्थिति में राहत का अहसास कर सके।
- इसके परिणाम से नवयुवा वर्ग को, सतपंथ का इस्लाम के साथ संबंध है, इस हकीकत से सम्पूर्ण तौर पर अनजान है।

237

… नवनिर्मित ताकिया …

3. मूल पहचान को टीका कर रखना – (1 / 2):

- गहन हिंदू दिखावा अपना कर, साहित्यों और क्रियाओं में “फेरबदल” करने के पीछे मुख्य कारण सतपंथ की अलग पहचान टीका कर रखने का प्रयत्न था।
- शमशुद्दीन खाकी ने, ऐसे समय पर की जब अनुयायियों की संख्या चिंता जन रीत से घट रही थी, तब हिंदुत्व के हिमायतीयों द्वारा होती टीका को अटका कर, सतपंथ के अस्तित्व को सुनिश्चित किया।
- यह कोशिश आसान नहीं थी। सर्कस के कला बाजी में संतुलन रखने के जैसा कठिन कम था। एक तरफ सतपंथ को हिंदू रूप देने का काम था तब दूसरी तरफ उसकी अनूठी पहचान को संभालना था (हिंदू धर्म में मिल न जाए) उसका खास ध्यान रखना जरूरी था।
- दूसरी तरफ, उनके पिता, अहमद आली खाकी, द्वारा प्रकाशित पुस्तकों और लेखों ने उनका काम आसान कर दिया था। क्यों की वह लेखों में “हिंदू” संदर्भ का इस्तेमाल करके पहलेसे तैयार करने में आए थे।

238

... नवनिर्मित ताकिया ...

3. मूल पहचान को टीका कर रखना – (2 of 2):

- मुंबई सार्वजनिक ट्रस्ट अधिनियम १९५० के अंतर्गत पीराणा के ट्रस्ट का केटेगरी “E” में रजिस्टर्ड होने के कारण करसन काका को मदद मिली। अक्षर “E” में बिन धर्मी संस्थाओं को रजिस्टर करने में आता है। इसलिए अधिकृत तौर पर, सतपंथी क्रियाओं को सच्चे मुस्लिम और सच्चे हिंदू क्रिया है ऐसा ना कह सकने के लिए कारण मिल गया।
- १३-०८-१९९८ को करसन काका के सामने दाखिल हुए एक कोर्ट केस में उत्तर देते हुए करसन काका ने कहा की पीराणा में पूजा करने हेतु भगवान की त्रिआयामी (मूर्ति) चित्र नहीं लगाने में आई। जो चित्र लगाने में आए है, वह केवल सजावट के लिए ही है।
- हिंदुओं के धार्मिक और पूज्य “ॐ” चिन्ह का दोहरा मतलब निकाल कर सतपंथी पुस्तकों में इस तरह से छापने में आया के हिंदुओं के ॐ को दाहिने से बाएं पढ़े तो, अरबी शब्दों में “अली” लगे (देखो स्लाइड नं ३७ का फोटो)।
- ताकिया के सिद्धांतों के अनुसार, सुधार सिर्फ बाह्य थे। सच्ची पहचान कभी भी बदलने में नहीं आई।
- रणनीति बहुत सरल थी। ताकिया का प्रयोग कर ऐसी परिस्थिति निर्माण करने में आई के जिसमे जब चाहिए तब सतपंथ को हिंदू धर्म के साथ जोड़ सके और जरूर पड़े तब इस्लाम का भाग भी बता सके। साहित्यों और क्रियाओं को दोहरा अर्थ देकर, जरूर पड़े वैसा अर्थ निकाल कर हिंदू और मुस्लिम धर्म के साथ जोड़ सके।

239

हिंदू धार्मिक नेताओं की भूमिका

- ताकिया के मदद से वर्ष १९३१ में, सैय्यद अहमद अली खाकी, इस्लामी धारणाओं को वैदिक तत्वों के साथ जोड़ने में इतने सफल रहे की हिंदू महासभा ने सतपंथ को शंका मुक्त कह कर वैदिक धर्म होने की घोषणा की।
- १९९० से २००० के बीच के दशक में सतपंथीयों द्वारा, ताकिया का प्रयोग कर, साधु सम्मेलनों का भी आयोजन किया। और उसमें वह काफी कद तक सफल भी रहे।
- उसके बाद, अविचलदास महाराज जैसे कुछ हिंदू धार्मिक नेताओं ने पीराणा सतपंथ को एक हिंदू धर्म का पंथ होने की घोषणा की।
- पर, आमतौर पर यह माना जाता है की हिंदू नेताओं ने तथाकथित प्रमाण पत्र, कुछ शर्तों के आधीन दिये थे। वह शर्ते थी के पीराणा के संचालक पंथ को हिंदू धर्म की तरफ मोड़ेंगे और सतपंथ को इस्लाम की तरफ जाने से रोकेंगे।
- पर हिंदू धार्मिक नेताओं को पीराणा दवारा ताकिया के होते प्रयोग की जानकारी नहीं होने की पूरे पूरी संभावना दिखती है। वास्तव में हिंदू धार्मिक नेता ताकिया के शिकार हुए है ऐसा दिखाई देता है।
- इसके कारण काका का दोनों पक्षों के साथ संबंध रख सके। हिंदू लोग उनके काम को पसंद करने लगे और उन्हें साथ देने लगे। तब दूसरी तरफ, मुसलमानों को पता है की काकी ताकिया का प्रयोग कर रहे है। इसलिए हाल की परिस्थिति कुछ दिनों के लिए ही है। जब हिंदुओं का दबाव कम हो **जाएगा, तब इस्लामी मूल के तरफ वापस मुड जाएगे।**

240

4.7 अ.भा.क.क.पा. समाज की उदारता और उसके साथ धोखा

अ.भा.क.क.पा. समाज के लोगों की भावनाओं को चोट पहुंची

241

अ.भा.क.क.पा. समाज के साथ धोखा ...

1. अ.भा.क.क.पा. समाज की उदारता:

- १९८० के दशक के अंत में लगभग सम्पूर्ण जाती, हिंदू धर्म अपना चुकी थी।
- बाकी के बचे कुछ सतपंथी लोगों को हिंदू धर्म में मिला लेने के लिए अ.भा.क.क.पा. समाज के लोगों ने उदार नीति को अपना कर उन्हें दिल से बुलाया। समाज के अन्य लोगों के संपर्क में आकार जल्द से जल्द अपना सतपंथ धर्म छोड़ देंगे, और अपने ही भाई खुद से अलग न हो जाए ऐसी उच्च भावना लेकर सतपंथी लोगों को समाज में साथ में रखने में आए।
- दुर्भाग्य वश अ.भा.क.क.पा. समाज के नेताओं को ताकिया की कोई जानकारी नहीं थी। इसके कारण सतपंथी लोग ताकिया पालते है, इस बात से वह सम्पूर्ण तौर पर अनजान रहे। बाह्य हिंदू दिखावे के कारण वह धोखे में रहे। सतपंथी लोग फेर-बदल कर हिंदू धर्म में मिल जाने का प्रयत्न कर रहे है, ऐसा समाज कर वह निश्चिंत हो गए।
- समाज के साधारण सभ्यों को भी ऐसा लगता था। सतपंथी लोग हिंदू धर्म अपनाने के सच्चे रास्ते पर चल रहे है और जल्दी से हिंदू बन जाएंगे ऐसा समझ रहे थे। किसी ने सतपंथी लोगों पर शंका नहीं की।

242

... अ.भा.क.क.पा. समाज के साथ धोखा ...

2. सामाजिक संबंधों को फिर से जोड़ा:

- जब सनातनी या हिंदुओं की नई समाज रचने में आई, तब सतपंथीयों के साथ बेटी की लेन देन सहित जे सभी सामाजिक संबंधो को काटने में आया था। वह संबंधों को फिर से जोड़ने में आए।
- १९८० के दशक के अंत में बचे हुए कुछ सतपंथीयों को समाज में मिलने के हेतु से, अ.भा.क.क.पा. समाज के लोगों ने उदार नीति अपना करे कटे सामाजिक संबंधों को फिर से जोड़ने की शुरुवात ही।
- अ.भा.क.क.पा. समाज की उदार नीति के कारण सतपंथीयों पर समाज विश्वास करने लगी।
- सतपंथीयों को भी समाज का एक भाग होने का मानने में आने लगा। अन्य हिंदू सभ्यों के जितना उन्हें भी मान सन्मान मिलने लगा।

243

... अ.भा.क.क.पा. समाज के साथ धोखा ...

3. समाज पर परोक्ष नियंत्रण:

- पर सतपंथीयों ने चतुराई से एक रणनीति बनाई और उसके मुताबिक धीरे-धीरे अ.भा.क.क.पा. समाज ("समाज") की संस्थाओं में फैलते गए। जल्दी से केन्द्रीय समाज और उसके नीचे गाँव स्तर की समाजों में उच्च पद पर बैठ गए।
- षड्यंत्र इतना गहरा था के समाज के सनातनी नेताओं की ताकत और कमजोरियों की नोंध ले जाती थी।
- सनातनी नेताओं की कमजोरी का लाभ ले कर, उनके बुरे समय में उन्हें मदद कर, उन्हें परोक्ष तौर पर सतपंथीयों के एहेसान तले ले लेते थे।
- अपने एहसान तले दबे सनातनी नेता उनका विरोध नहीं कर पाएंगे, इस बात से सतपंथी लोग परिस्थिति का लाभ लेने लगे। अ.भा.क.क.पा. समाज को कमजोर कर देने का उनका छिपा कार्यक्रम चोरी छिपे आगे बढ़ाने लगे।
- परिस्थिति इतनी बुरी हो गई थी के समाज और समाज के नेता (सनातनी नेता) परोक्ष रीत से सतपंथीयों के नियंत्रण में आ गए।

244

… अ.भा.क.क.पा. समाज के साथ धोखा …

4. चतुराई भरा प्रचार (1/2):

